BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI........

Date 23/05/2025 .... Page ......11...... Column ......02......

Subject ....बीएमयू के विद्यार्थियों को बताया स्वच्छता का महत्व....

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुज मलिक व सरपंच अनीशा। फोटो : हरिभूमि

बीएमयू के विद्यार्थियों को बताया स्वच्छता का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस विंग द्वारा सरकारी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एचएल वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं ग्रामीण समुदाय में व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को समझाना और दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता को व्यवहार में लाना रहा। शिविर की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस विंग कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजय कुमार ने की। डॉ. हर्षदीप छिकारा, डॉ. शिवानी तथा डॉ. दीपिका ने हाथ धोने की विधि, मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, दंत स्वच्छता तथा दैनिक स्वच्छता के व्यवहारिक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी सरिता ने स्वच्छता तथा शिक्षा के बीच गहरे संबंध को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एक स्वच्छ और स्वस्थ शरीर ही सच्चे अर्थों में विद्या को आत्मसात कर सकता है। उन्होंने स्वच्छता एवं शिक्षा के पारस्परिक संबंध पर प्रकाश डाला। सरपंच अनीशा ने ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं पर जोर देते हुए कहा कि जब महिलाएं स्वस्थ होंगी तभी एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा।